चलो देख आए नन्द घर लाला हुआ भजन लिरिक्स

चलो देख आए,
नन्द घर लाला हुआ,
ये तो नन्द जी के,
कुल का उजाला हुआ,
चलों देख आए,
नन्द घर लाला हुआ।bd।

देखो सब ग्वाल बाल,
चले होके खुशहाल,
संग गल बईया डाल,
नाचे दे दे के ताल,
सब मिलजुल कहे,
गोप ग्वाला हुआ,
चलों देख आए,
नन्द घर लाला हुआ।bd।

बाजे शंख घड़याल,
जनम लीनो गोपाल,
सखी ब्रिज में सब ग्वाल,
कहे जय जय गोपाल,
झूले अंगना में,
पलना है डाला हुआ,
चलों देख आए,
नन्द घर लाला हुआ।bd।

प्रगटे बृज में बृजराज,
करने भक्तों के काज,
आया सारा समाज,
दर्शन करने को आज,
सुख नैनो को,
पहुँचाने वाला हुआ,
चलों देख आए,
नन्द घर लाला हुआ।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

देखो गोकुल की ओर,
कैसे नाच रहे मोर,
छाए बादल घनघोर,
बोले पंछी करे शोर,
बर्षा आनंद की,
बरसाने वाला हुआ,
चलों देख आए,
नन्द घर लाला हुआ।bd।

चलो देख आए,
नन्द घर लाला हुआ,
ये तो नन्द जी के,
कुल का उजाला हुआ,
चलों देख आए,
नन्द घर लाला हुआ।bd।

Upload By – Ram Naresh Dubey

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com